# करो निराकरण नहीं तो होगी कार्यवाही

## कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान दी चेतावनी




नवभारत न्यूज

**विदिशा 15 सितम्बर, कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की.उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेडिंग रैकिंग सूची जारी होने में मात्र पांच दिन बचे है. अतः इस अवधि में हरेक विभाग अपने वेस्ट प्रदर्शन को दर्शाते हुए जिले को टॉप फाइव सूची में शामिल हो सकें इसके लिए संतुष्टिपूर्वक समाधान पर विशेष बल दें.आवश्यकता पड़ने पर आवेदको से वन टू वन चर्चा करें. उन्होंने सभी एसडीएमो को भी अनुविभाग स्तरीय समस्याओं के समाधान हेतु पूर्वानुसार शिविर आयोजित कर सभी विभागो के आवेदनो के निराकरणो की पहल करें.**

बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन के तहत अगस्त माह की कुल दर्ज 11 हजार 743 शिकायतो का शत प्रतिशत निराकरण कराया जाना है. सीएम हेल्पलाइन की आज जारी रैकिंग सूची में विदिशा चैबीसवें स्थान पर है. उन्होंने डी और सी ग्रेड में शामिल विभागो के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि आवेदनो के निराकरणो में तेजी लाए अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें. उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के जिला नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर नितिन जैन को निर्देश दिए है कि जिले के ऐसे विभाग को सी और डी ग्रेड सूची में शामिल है उन विभागों के विभागाध्यक्षों को अर्द्ध शासकीय पत्र के माध्यम से जिला अधिकारी के कार्यो खासकर सीएम हेल्पलाइन के आवेदनो को निराकरण करने में रूचि प्रदर्शित नहीं करने के फलस्वरूप उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के प्रस्ताव प्रेषित करें.

### अभियानों का लिया जायजा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के पहले जिले में क्रियान्वित विभिन्न अभियानो की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया है.उन्होंने कहा कि सेवा पखवाडा अभियान जो 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक क्रियान्वित किया जाना है.उपरोक्त अवधि के दौरान हरेक विभाग के कार्यो की उपलब्धियां स्पष्ट रूप से परलिक्षित हो उन्होंने शासन द्वारा जारी निर्देशो के अलावा ऐसे विभाग जो उक्त पखवाडे में शामिल नहीं है उन विभागो के द्वारा भी कार्यो को अंजाम दिया जाए. इसके लिए उन्होंने विभागवार स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना तय कर उन्हें पूरा कराने के लिए जिलाधिकारियों को अधिकृत किया है.इसी प्रकार धरती आबा अभियान, पोषण अभियान, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के साथ-साथ आजीविका मिशन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, जिला परिवहन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल जीवन मिशन, आरईएस, पीडब्ल्यूडी, पीआईयू समेत अन्य विभागो के अधिकारियों को विशेष तौर पर निर्देश दिए गए है.

# पंचायत कर्मी सामूहिक अवकाश पर

## काम काज हुये ठप



नवभारत न्यूज

**कुरवाई 15 सितम्बर,पंचायत सचिव और सहायक सचिव संगठन के सभी कर्मचारी अपनी समस्याओं के संबंध मे क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे और जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी आयुष अग्रवाल को सोमवार को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चित कालीन सामुहिक अवकाश पर चले गये है जिससे अब पंचायतों में सभी प्रकार के कामकाज ठप्प हो गए है और हितग्राही परेशान हो रहे है.**

पंचायत कर्मियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि ग्राम पंचायतो में कार्यरत पंचायत सचिव, सहायक सचिव सीएम हैल्पलाईन 181 की झूटी शिकायतों से एवं मांग आधारित शिकायतों से बहुत परेशान है.आये दिन वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा विभिन्न प्रकार की तथा वेतन आदि काटने की कार्यवाही की जा रही है. उन्होंने 4 सूत्रीय मांग की है. ज्ञापन पंचायत सचिव संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष रामस्वरूप चक्रवर्ती और सहायक सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में सोपा गया.

### ग्यारसपुर में भी कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

जनपद पंचायत ग्यारसपुर के सभी ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों ने सीएम हेल्पलाइन की झूठी और मांग आधारित शिकायतों से परेशान होकर सोमवार को जनपद सीईओ जितेंद्र जैन और जनपद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा और सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा कर दी.सचिव-रोजगार सहायक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वीराज मीणा एवं जितेंद्र दांगी ने बताया कि पंचायतों में आए दिन 181 सीएम हेल्पलाइन पर कुछ शरारती ग्रामीण शराब की मांग, मोबाइल रिचार्ज और अन्य व्यक्तिगत लाभ के लिए शिकायत दर्ज कराते हैं. ऐसी शिकायतों पर वरिष्ठ कार्यालय से सचिवों का वेतन काटा जाता है और लगातार दबाव बनाया जाता है.उन्होंने कहा कि पंचायत संबंधी सफाई व विकास कार्यों की शिकायतें संतुष्टि पूर्वक निपटाई जाती हैं, लेकिन झूठी व फर्जी शिकायतों से सचिवों को अनावश्यक प्रताड़ित किया जा रहा है.

## सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान में इंजीनियर्स डे का आयोजन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सम्राट अशोक अभियांत्रिकी संस्थान में सोमवार को इंजीनियर्स डे का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया.यह दिन महान इंजीनियर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है.कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान में स्थापित विश्वेश्वरैया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया. संस्थान के निदेशक डॉ. वाई.के. जैन ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस मौके पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे. अपने संबोधन में डॉ. जैन ने सभी कर्मचारियों और छात्रों को इंजीनियर्स डे की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने इंजीनियरों के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान की सराहना की और छात्रों को उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि इंजीनियर समाज की प्रगति का आधार हैं और हमें नई तकनीकों को अपनाकर भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए.



## पोषण संजीवनी कार्यक्रम में बांटी पोषण किट

नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर**, ग्यारसपुर में पोषण संजीवनी कार्यक्रम अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग द्वारा जनपद पंचायत के सभागार में पोषण किट का वितरण किया गया.कार्यक्रम में समस्त कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित करते हुए. कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पोषण किट का अवलोकन किया गया एवं पोषण किट में प्राप्त सामग्री की जानकारी लेते हुए. समस्त उपस्थित कुपोषित बच्चों की माता को को इसके बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई.कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष ग्यारसपुर महिला बाल विकास समिति के सभापति जनपद सदस्य परियोजना अधिकारी ग्यारसपुर एवं महिला बाल विकास विभाग के समस्त पर्यवेक्षक स्टाफ कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे.

## विदिशा छात्राओं ने तृतीय स्थान हासिल किया

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** 69वीं राज्य स्तरीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता (अम्बा) मुरैना मे आयोजित की गई थी. जिसमे विदिशा की खिलाडी छात्राओं ने प्रतिनिधित्व किया और तृतीय स्थान प्राप्त किया.व्हालीवाल कोच आकांक्षा शर्मा के नेतृत्व मे बालिका वर्ग मे विदिशा की पांच खिलाडी छात्राऐं - कु.पीहू विश्वकर्मा, वेदिका कुशवाहा, प्रियांशी कुशवाहा, संस्कृति कुशवाहा एवं तनवी ठाकुर ने भोपाल संभाग टीम की ओर से खेलते हुये उत्कृष्ट प्रदर्शन कर, मध्यप्रदेश मे तृतीय स्थान प्राप्त किया. इस प्रदर्शन पर एसपी सिंह जाटव जिला शिक्षा अधिकारी विदिशा, संतोष चतुर्वेदी जिला क्रीड़ा अधिकारी, एवं विद्यालय परिवार ने खिलाडियों एवं कोच को बधाई दी, एवं खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये शुभ आशिष प्रदान किया.

# एसजीएस महाविद्यालय में हिन्दी दिवस पर आयोजित हुए व्याख्यान



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, हिंदी दिवस कार्यक्रम आयोजित आज मेरा भारत युवा भारत विदिशा के तत्वाधान में सावित्री महिला मंडल एवं ख्याल अपना के सहयोग से संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय गंजबासौदा के हिंदी काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सरिता घेंघट, डॉक्टर विजय शाक्य ,डॉक्टर डीके प्रजापति ,घनश्याम चौकसे, डॉक्टर मनीष दुबे एवं प्रभारी शिवानी गौर डॉक्टर विकास मोनिता नेमा मंडल परिवार से मंडल की संरक्षक श्रीमती वंदना तिवारी श्रीमती लक्ष्मी शर्मा ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती सोनाली शेवड़े ,श्रीमती रश्मि देशपांडे ,श्रीमती अर्चना गोस्वामी एवं ख्याल अपना से राखी यादव संगम रघुवंशी प्रगति यादव अंशिका बुंदेला कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया. संरक्षक श्रीमती वंदना तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती सोनाली शेवड़े ,श्रीमती रश्मि देशपांडे ,श्रीमती अर्चना गोस्वामी एवं सावित्री महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी शर्मा एवं ख्याल अपना से राखी यादव ,आदर्श शर्मा ,संगम रघुवंशी, प्रिसी शर्मा ,प्रगति यादव, अंशिका बुंदेला आदि उपस्थित थे .

### कुरवाई महाविद्यालय में भी आयोजित हुआ कार्यक्रम

भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया तथा हिंदी का अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य विषय पर परि चर्चा का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.एके चतुर्वेदी ने मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर किया किया. सरस्वती वंदना पूर्ति ठाकुर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने किया.कार्यक्रम में डॉ. मोहम्मद सादिक कसाई, डॉ. सपना साहू, डॉ.नीलम जैन ने अपना वक्तव्य दिया. अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ. ए.के. चतुर्वेदी ने कहा कि हिंदी भाषा को सरलता से जन तक पहुंचाया जाना चाहिए. कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार पाण्डेय ने किया.

## स्वरूप का बार-बार चिंतन करने से शुद्ध होता मन-पं .केशव शास्त्री

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** छैल बिहारी मंदिर में रामायण भागवत का चतुर्थ दिवस पर छैल बिहारी मंदिर में पंडित केशव गुरुजी ने कहा मनुष्य का अपना मंगल कार्य ही विघ्न कर्ता होता है किसी और का नहीं प्रत्येक कार्य का आरंभ मंगलाचरण से करो भागवत में तीन मंगलाचरण हैं.प्रथम स्कंध में व्यास देव का द्वितीय स्कंद में सुखदेव जी का और समाप्ति में सूत जी का सैया में सोया हुआ, मनुष्य पाप अधिक करता है. प्रभाव के समय मंगलाचरण करो मध्यान्ह में मंगलाचरण करो रात में सोने से पहले मंगलाचरण करो धीमहि व्यास जी ने ध्यान करते हुए कहा कि एक ही स्वरूप का बार-बार चिंतन करो मन को प्रभु के स्वरूप में स्थिर करो एक ही स्वरूप का बार-बार चिंतन करने से मन शुद्ध होता है. परमात्मा के किसी भी स्वरूप को इष्ट मान कर उसका ध्यान करो मंगला चरण के अंत में परम सत्य का ध्यान सत्यम परम धीमहि देखो कृष्ण परम धीमहि नहीं लिखा है.रामं परम धीमहि भी नहीं लिखा है शिवम परम धीमहि भी नहीं लिखा है. सत्यम परम धीमहि भी नहीं लिखा है क्या लिखा है सत्यम परम धीमहि परम सत्य का हम ध्यान करते हैं. कृष्ण परम धीमहि यदि लिखते तो कृष्ण भक्तों को लगता कि केवल हमारे लिए है। यह ग्रंथ राम परम धीमहि लिख देते, तो राम के भक्त दावा करते शिवम परम धीमहि ही लिखते तो शिवभक्त यह समझने की भूल करते कि केवल हमारे लिए बनाया गया है. यह ग्रंथ शक्तिम परम धीमहि लिखते तो शक्ति को भजने वाले यह समझने की भूल करते कि केवल हमारे लिए है. इसलिए किसी संप्रदाय विशेष में अवध्ध नहीं किया है. श्रीमद् भागवत को और लिखा है सत्यम परम धीमहि इस बात का आशा है कि भगवान सबके हैं.इस प्रकार समझाते हुए बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे एवं भागवत के प्रधान यजमान भगवान स्वरूप माथुर एवं भागवत कथा समिति के सभी सदस्य सम्मिलित रहें और सभी ने भागवत भगवान की आरती की.

# बाल कैबिनेट ने ली शपथ, मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा में गठित बाल कैबिनेट का शपथ ग्रहण, मेधावी छात्र अभिनंदन, वाटर कूलर का लोकार्पण, पौधारोपण, निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य पंकज एलिया, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी ने किया. छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया. वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर सूरज श्रीवास्तव, सुरेश दुबे, श्रीराम अहिरवार, राहुल राय, मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल, महामंत्री अनुज शर्मा, प्राचार्य अभय शर्मा ने अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया। सभी अतिथियों को प्राचार्य अभय कुमार शर्मा व योगेश चतुर्वेदी ने स्मृति चिन्ह के रूप में त्योंदा स्थित सिद्धेश्वर महादेव गुफा मंदिर का चित्र भेंट किया.कार्यक्रम का संचालन योगेश चतुर्वेदी ने किया, अंत में बाल कैबिनेट अध्यक्ष महक सेन ने आभार व्यक्त किया. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने अतिथियों के साथ विद्यालय परिसर में पांच पौधों का रोपण किया. 62 निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया.बाल कैबिनेट के निर्वाचित अध्यक्ष महक सेन, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, सचिन गुनगुन तिवारी, सह सचिव प्रभात शर्मा छात्र प्रतिनिधि मयंक साहू सहित 77 कक्षा नायक व कक्षा प्रतिनिधियों को शपथ दिलाकर बैज लगाए. मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के 36 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए. वाटर कूलर का लोकार्पण किया.कक्षा 9 का 10 के विद्यार्थियों को मॉडयूल वितरित किये.स्कूटी प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थियों को स्कूटी स्वीकृति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया.व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत अपैरल लैब का निरीक्षण कर दो ई पैनल बोर्ड विद्यार्थियों को समर्पित किये.नवाचार करते हुए दो शिक्षक राधेश्याम अहिरवार व अंजलि तिवारी को सम्मानित किया.

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक श्री रघुवंशी ने कहा कि आप अपनी असीम ऊर्जा का सदुपयोग रचनात्मक कार्यों में करें.आपके पांच शैक्षणिक कक्ष निर्माण का शासन स्तर से प्रयास किया जाएगा.ग्रामीणों की मांग पर त्योंदा में महाविद्यालय खुलवाने का आश्वासन भी दिया. जिला पंचायत सदस्य पंकज एलिया ने विद्यार्थियों के लिए टीन शेड निर्माण करवाने तथा 85 प्रतिशत से अधिक दैनिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को सांची भ्रमण करवाने की घोषणा की, वही जनपद सदस्य निर्वेश मैना ने भ्रमण पर जाने वाले विद्यार्थियों के भोजन की व्यवस्था का आश्वासन दिया. कार्यक्रम में जनपद पंचायत, पुलिस विभाग, विद्युत मंडल आदि के अधिकारी कर्मचारियों सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे.

# जमाते उलमाए हिन्द के उपाध्यक्ष का क्षेत्र में हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,दिल्ली मरकज एवं जमाते उलेमाए हिन्द के बरिष्ठ उपाध्यक्ष मौलाना असजद मदनी सिरौंज के बाद कुरवाई के कार्यक्रमों में पहुंचे, बडी संख्या में मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने उनका इस्तकबाल किया, इस दौरान् ग्राम भौंरासा से लेकर बामौरा रोड तक दोनों ओर खडे हुए सैकडों नागरिकों ने पुष्प बर्षा कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया.**



कुरवाई से भोपाल प्रस्थान करने तक उनके आगमन को लेकर गहमागहमी बनी रही.पुलिस प्रशासन के द्वारा भी व्यवस्था में सहयोग किया गया.दिल्ली मरकज से आये मुस्लिम धर्मगुरू मौलाना असजद मदनी के सिरौंज के बाद कुरवाई आगमन पर नगर परिषद कुरवाई के कांग्रेस पार्षद दल एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया, मुस्लिम धर्मगुरू मौलाना असजद मदनी ने देश व दुनिया में शांति कायम रखने, अमन चैन से रहने, देष की खुषहाली के लिए काम करने, की दुआयें करते हुए, सभी नागरिकों को प्यार मौहब्बत से रहने, का सन्देष दिया गया.

## आज होगी महागंगा आरती

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** माँ वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति बडबाला घाट माँ वैत्रवती पुरम के तत्वावधान में माँ वैत्रवती गंगा की नित्य गंगा आरती के 5901 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर पचास दिन बाद की जाने वाली महागंगा आरतीयों की श्रंखला में आज 16 सितम्बर मंगलवार को गोधुली वेला में सांयकाल 6.30 बजे बडबाला घाट विदिशा पर हम सबके जाने अनजाने पूर्वजों की आत्म शांति के लिये माँ वैत्रवती गंगा की 118 वी महागंगा आरती का आयोजन किया जायेगा.

दुर्घटना

## ऐतिहासिक सांची से गुजरने वाले मार्ग से हो रहा खतरा

# राष्ट्रीय राजमार्ग हो रहा जानलेवा साबित, हो रहे हादसे

नवभारत न्यूज

**सांची 15 सितम्बर , विश्वविख्यात ऐतिहासिक नगरी सांची की पहचान उसके बौद्ध स्मारकों और स्तूपों से है, लेकिन इस नगरी से होकर गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग अब लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है.सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे तो बहुत होते हैं, मगर हकीकत यह है कि इस मार्ग पर दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा.**



राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के बाद से छोटे-बड़े वाहनों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है.तेज रफ्तार वाहनों के चलते आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं.न तो इस मार्ग पर गतिअवरोधक बनाए गए, न ही रेडियम चिन्ह, न ही धीमी गति के संकेतक बोर्ड और न ही सुरक्षात्मक संदेशवाहक बोर्ड लगाए गए.विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि दुर्घटनाओं में असंख्य लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और कई परिवार आर्थिक व मानसिक आघात झेलने को मजबूर हैं.लोगों का आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग पूरी तरह मूकदर्शक बना हुआ है.तेज रफ्तार वाहन दुर्घटना के बाद फरार हो जाते हैं और घायल मौके पर तड़पते रहते हैं.सांची पुलिस हर बार घायलों को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश करती है, लेकिन कई गंभीर घायल पुलिस या एंबुलेंस पहुंचने के पहले ही दम तोड़ देते हैं. कलेक्टर द्वारा बार-बार निर्देश जारी करने के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग सुरक्षा उपायों की अनदेखी कर रहा है. जिला परिवहन विभाग पर भी लापरवाही के गंभीर आरोप हैं. लोगों का कहना है कि परिवहन विभाग तभी सक्रिय होता है जब उसकी जेबें भरनी हों, सड़क सुरक्षा से उसे कोई सरोकार नहीं.

### दो गंभीर घायल, भेजा अस्पताल

सोमवार को सांची से करीब दो किमी दूर विदिशा मार्ग पर कमापार मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार बासौदा निवासी दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.सूचना पर पहुंची सांची पुलिस ने 112 वाहन की मदद से घायलों को विदिशा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया. पुलिस के अनुसार गंभीर चोटों के कारण घायल अपना बयान दर्ज नहीं करा सके.फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है.हादसे के समय सक्रिय भूमिका निभाने वालों में प्रधान आरक्षक सुनील लोधी, आरक्षक शैलेन्द्र सिंह और वाहन पायलट नीलेश रजक शामिल थे.

## 20 को होगी चित्रकला प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**विदिशा**,सेवा पर्व 2025 के संबंध में मंत्री, संस्कृति विभाग की अध्यक्षता में 10 सितम्बर को सम्पन्न हुई विभागीय बैठक में दिशा-निर्देश दिए गए हैं. सेवा पर्व 2025 के अवसर पर 20 सितम्बर को समस्त राज्य एवं जिला स्तरीय संग्रहालयों में अतीत के शक्ति स्पंदन को वर्तमान शक्तिशाली भारत की अवधारण के साथ जोड़ते हुए चित्रकला प्रतियोगिता किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है. उक्त संबंध में 20 सितम्बर को जिला पुरातत्व संग्रहालय विदिशा, में अतीत के शक्ति स्पंदन को वर्तमान शक्तिशाली भारत की अवधारण के साथ जोड़ते हुए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है, तीन वर्गों में प्रतिभागी होंगे, प्रथम वर्ग में प्राथमिक कथा 3 से कक्षा 5 तक, द्वितीय वर्ग में कक्षा 6 वी से कक्षा 8 वी तक, तृतीय वर्ग में कक्षा 9 वीं से कक्षा 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जाना है.प्रतियोगिता हेतु 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से प्रतियोगिता प्रारम्भ होकर अपरान्त 2 बजे तक समाप्त होगी.

## सात संतानों की मां 82 वर्षीय गेंदाबाई ने वृद्ध आश्रम में तोड़ा दम



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** श्री हरि वृद्ध आश्रम में जिले के नटेरन निवासी,सात संतानों की वृद्ध मां गेंदाबाई को 25 जून को पुराना जिला चिकित्सालय स्थित श्री हरि वृद्ध आश्रम में लावारिस वेसाहारा स्थिति में जिला प्रशासन द्वारा भर्ती किया गया था, जहां 7 दिन रहने के बाद वृद्ध आश्रम प्रबंधन ने अपनी सूझबूझ से उनकी सातों संतानों को बुलाकर समझाइस दी और चार बेटियों तीन बेटों को एक - एक माह माह अपने पास रखने हेतु बमुश्किल तैयार किया था. वृद्ध आश्रम की अध्यक्ष श्रीमति इंदिरा शर्मा संचालक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि एक माह पूर्ण नहीं होने के बीच में ही गेंदा बाई की बेटी ऑटो से वृद्ध आश्रम के मुख्य द्वार के बाहर अपनी वृद्ध मां को कचरे की तरह पटक कर चली गई थी. जिसको उन्होंने आंखों से देखकर उनकी रोकने की कोशिश की थी लेकिन बेटी आटो से भाग गयी. इस बात से आहत वृद्धा गेंदाबाई हाइ डिप्रेशन में चली गई और गंभीर रूप से बीमार हो गई जिनका वृद्ध आश्रम में समुचित उपचार कराया, यहां तक की वृद्ध आश्रम प्रबंधन ने मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सक डॉक्टर नरेश सोलंकी के मार्गदर्शन में डॉक्टर जगमोहन को भी वृद्ध आश्रम बुलाकर मनोचिकित्सा शुरू कराई. लेकिन अपनी ही सात संतानों की उपेक्षा और बेकद्री से तमाम औषधियां, और काउंसलिंग भी उन पर असर नहीं कर सकी.